**14.24 hrs.**

**Title: Regarding creation of buffer stock of sugar.**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद यादव) :** महोदय, हमारा चीनी उद्योग आज कठिन स्थिति में है। पिछले तीन चीनी मौसमों से उद्योग के पास बड़ी मात्रा में स्टाक जमा हो रहा है। 2001-2002 के चीनी मौसम का कैरीओवर स्टाक लगभग 100 लाख टन है। चालू मौसम में 170 लाख टन के आसपास उत्पादन होने की संभावना है जबकि घरेलू खपत लगभग 180 लाख टन है। लगभग 10 लाख टन मात्रा के निर्यात होने की संभावना है। इसके बाद भी चालू चीनी मौसम के अंत में लगभग 80 लाख टन स्टाक बच जाता है।

पिछले कुछ महीनों में चीनी के खुले बाज़ार मूल्यों में काफी कमी दिखाई दी है जिसके कारण गन्ना उत्पादकों को भुगतान करने की उनकी क्षमता पर दबाव पड़ा है। 30.9.2002 की स्थिति के अनुसार लगभग 1,100 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य के बकाया होने का अनुमान है जो पिछले र्वा के स्तर से लगभग दुगुना है। इससे गन्ना उत्पादकों को कठिनाई हुई है।

महोदया, गन्ना उत्पादकों की कठिनाइयों को कम करने के लिए सरकार ने एक र्वा की अवधि के लिए 20 लाख टन चीनी का एक बफर स्टाक बनाने का निर्णय लिया है। इससे चीनी विकास निधि से 412 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बफर स्टाक के संबंध में बैंकों द्वारा 374 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि रिलीज की जाएगी। 786 करोड़ रुपए की इन निधियों का इस्तेमाल केवल चीनी उत्पादकों को उनके गन्ना मूल्य बकायों का भुगतान करने के लिए किया जाएगा जिसके लिए अपेक्षित कानूनी नियम पहले से ही मौजूद हैं।

सरकार ने यह भी निर्णय किया है कि वह चीनी के निर्यात को अपनी पूरी क्षमता से बढ़ावा देगी और आन्तरिक ढुलाई और भाड़ा प्रभारों की मौजूदा प्रतिपूर्ति के अलावा चीनी निर्यातकों को और सहायता देगी।

MADAM CHAIRMAN : Are you going to give some subsidy to the export of sugar in that case? क्या सबसिडी देंगे ?

**श्री शरद यादव :** सभापति महोदया, सबसिडी की बात तो नहीं कह सकते, लेकिन ट्रांसपोर्ट में फ्रेट चार्जेज दे सकते हैं।

MADAM CHAIRMAN: As a special case, I will allow you to ask a question; otherwise it is not allowed.

**श्री शरद पवार (बारामती) :** महोदया, इस स्टेटमेंट में किसानों के मदद करने की बात कही गई है, लेकिन इसमें दो-तीन इम्पोर्टेंट इश्यू हैं।

MADAM CHAIRMAN: Has the statement not been circulated?

SHRI SHARAD PAWAR : We have not received the copy of the statement. Anyhow, we have heard him.

MADAM CHAIRMAN: I think only the notice of statement has been circulated and not the statement itself. Anyway, you have heard the Minister.

श्री शरद पवार : महोदया, इसमें दो बातें हैं। 20 लाख टन के बफर स्टाक के निर्माण की बात भारत सरकार ने मानी है। वह तो अच्छी है। इससे थोड़ी बहुत मदद हो जाएगी, लेकिन सबसे ज्यादा समस्या यह है कि बहुत बड़ा स्टाक देश में उपलब्ध है। उसके रहते किसानों की मदद नहीं हो सकती है। जब तक वह स्टाक खत्म नहीं होगा और देश के बाहर नहीं जाएगा तब तक परिस्थिति में कोई सुधार नहीं होगा।

महोदया, आज दुनिया के बाजार में चीनी का रेट 920 रुपए प्रति क्विंटल है और हमारे यहां 620 कन्वर्शन कास्ट है। इसमें हार्डली किसानों को 300-400 रुपए मिलने की स्थिति है। इसलिए इंटरनैशनल मार्केट में अगर हमें कंपीट करना है, तो कम से कम ओशन फ्रेट, जो डब्ल्यू.टी.ओ. में देने के लिए अधिकार है, उसके अन्तर्गत कई देशों ने किसानों को मदद दी है। यदि यहां भी इसमें 100-200 रुपए प्रति क्विंटल मदद हो जाए, तो किसानों को ठीक प्रकार से कीमत मिल सकती है। कुछ राज्यों ने भी इस बारे में निर्णय ले लिया है। महाराट्र सरकार ने 100 रुपए प्रति क्विंटल सबसिडी ट्रांसपोर्ट के रूप में, एक्सपोर्ट हेतु देने का निर्णय ले लिया है। यदि भारत सरकार भी इस बारे में कुछ मदद करे, तो यह स्टाक खत्म हो सकता है और उससे किसानों को मदद मिल सकती है।

महोदया, इसके साथ-साथ एक्साईज ड्यूटी दो साल के लिए माफ करने की आवश्यकता है और साथ ही सहकारी चीनी मिलों पर शॉट मार्जन से बहुत बड़ा कर्जा है, उसे टर्म लोन में कनवर्ट करने की आवश्यकता है। इसके बारे में सरकार कुछ सोचने के लिए तैयार है या नहीं ?

**श्री शरद यादव :** सभापति महोदया, मैंने अन्त में यह कहा है कि जो एक्सपोर्ट है, उसमें सरकार का इरादा मदद करने का है। अब किस शक्ल में मदद की जाएगी, उस पर विचार चल रहा है। जैसा मैंने कहा, पवार साहब ने भी कहा है, वह हमारे सामने एक सुझाव है। महाराट्र सरकार ने एक्सपोर्ट के लिए सबसिडी दी है। माननीय पवार साहब ने और बाकी सवाल भी उठाए हैं। मैं केवल इतनी प्रार्थना करना चाहता हूं कि उन्होंने जो निवेदन किया है, उस पर सरकार सोच रही है और हमारी क्षमता रही, तो इस काम को हम करने की व्यवस्था करेंगे और हमने इस बात को इसीलिए रखा है, लेकिन हम इसकी पूरी एक्सरसाइज नहीं कर पाए हैं कि इसका क्या फायनेंश्यल बरडन पड़ेगा और हमें क्या करना पडेगा। लेकिन यह बात निश्चित रूप से सही है कि आज चीनी उद्योग संकट में है। पवार जी ने जो दूसरी बातें उठाई हैं, वे वाजिब हैं। गवर्नमेंट उसका रास्ता निकालेगी। उसका रास्ता निकालने के लिए लगातार बातचीत चल रही है और इस बारे में बातचीत होती रहती है, और पहले भी बातचीत होती रही है।

**कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.)** : सभापति महोदया, गन्ना किसान आज बर्बाद हो रहे हैं। â€¦ (व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : There is no provision for debate on the statement.

...(*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN : I am now moving to item No. 13. Shri Shatrughan Sinha.

...(*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: There is no discussion on this issue. You give notice. आप स्पीकर साहब को इस पर डिसकशन कराने के लिए नोटिस दे सकते हैं। इस समय यह नहीं होगा।

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: I am not allowing you. Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

**सभापति महोदया :** आप बैठिये। मैंने अगला आइटम बुलाया है।

* Not Recorded.

**श्री शरद यादव :** सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि ये जो सवाल कर रहे हैं, उन्हीं सवालों को हल करने के लिए 20 लाख टन का बफर स्टॉक बनाने का कदम हमने उठाया है। जो शुगर फैक्टरीज हैं, को-आपरेटिव फैक्टरीज हैं या सरकारी कारखाने हैं, उनकी मांगों के ऊपर ही यह कदम उठाया गया है। एक्सपोर्ट के बारे में यहां एनाउंसमैंट हुई है। यह सब किसानों को राहत देने के लिए ही किया गया है। ...(*Interruptions*)

**सभापति महोदया :** यादव जी, आपने उत्तर दे दिया है इसलिए आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: I have stopped the matter. Please do not go into it. Please sit down.

...(*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: You cannot go on defying the Chair. I am sorry. Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

MADAM CHAIRMAN: Please do not defy the Chair.

...(*Interruptions*)

**समापति महोदया :** आप स्पीकर साहब को नोटिस देकर इस पर डिसकशन मांग लीजिए।

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: The matter is closed. I am not going into it again.

---------

* Not Recorded.